दिनांक–30.07.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- दिल्ली हादसे के बाद प्रदेश में बेसमेंट में चल रहे कोचिंग संस्थानों का किया जाएगा सर्वे, मुख्यमंत्री के निर्देश।
- 'वोकल फ़ॉर लोकल' मिशन के तहत भोपाल में आज आयोजित की जाएगी खाद्य प्रसंस्करण उत्पादकों की बायर–सेलर मीट।
- नर्सिंग कॉलेज के छात्रों को न्यायालय ने दी राहत, सीबीआई जांच में अनसुटेबल पाए गए कालेज के छात्र भी दे सकेंगे परीक्षा।

**और**

- भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा टी–20 मुकाबला आज।

### कोचिंग–मुख्यमंत्री

दिल्ली एक कोचिंग सेंटर में हुए हादसे को देखते हुए प्रदेष में बेसमेंट में चल रहे सभी कोचिंग सेंटरो का सर्वे किया जाएगा। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस से वर्षा की स्थिति और कुछ जिलों में बाढ़ की आशंका के संबंध में समीक्षा में यह निर्देष जारी किये। मुख्यमंत्री ने कहा कोचिंग सेंटर में जल निकासी की व्यवस्था और बिजली आपूर्ति की जांच की जाए। इस बैठक में जिला कलेक्टर और कमिष्नर षामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षा काल में प्रदेश में कहीं भी जन हानि न हो। इसके लिए सभी कलेक्टर अपने जिलों में प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपे। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे चालु रखने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सावन के महीने में मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना–जाना निरंतर बना हुआ है। इसका जिले वार आंकलन किया जाए और उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाया जाए। इस बीच इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने बेसमेंट और बड़े भवनों में चल रही कोचिंग क्लासेस, लाइब्रेरी और अन्य संस्थाओं में जीवन सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए संयुक्त दल बनाये जायेंगे। यह दल निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे। यह जानकारी कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न समय–सीमा के पत्रों के निराकरण(टीएल) की बैठक में दी गई।

### बायर–सेलर मीट–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादकों की बायर–सेलर मीट आज भोपाल में आयोजित की जाएगी। इस मीट में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह भी उपस्थित रहेंगे। उद्यानिकी विभाग के संचालक एस.बी. सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य उद्यानिकी विभाग में संचालित पीएमएफ़एमई योजना अंतर्गत प्रदेश के सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों में निर्मित प्रसंस्कृत उत्पादों तथा विशिष्ट उद्यानिकी उत्पादों को राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है साथ ही बायर एवं सेलर को साझा मंच उपलब्ध कराना, कृषकों तथा युवा कृषक उद्यमियों को उद्यानिकी फसल उत्पादन तथा प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों, प्रसंस्करण के क्षेत्र में संभावना, बाज़ार, शासकीय योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता आदि के विषय में मार्गदर्शन प्रदान करना तथा सूचनाओं का आदान प्रदान किया जाना है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत 'वोकल फ़ॉर लोकल' मिशन के क्रम में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री–राशन आपके ग्राम योजना**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना से 20 अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में 6 हजार 575 शासकीय उचित मूल्य दुकान विहीन ग्रामों में 7 लाख 13 हजार परिवारों को वाहन द्वारा राशन का वितरण किया जा रहा है। श्री राजपूत ने बताया है कि इस कार्य में लगे वाहनों का संचालन अनुसूचित जनजाति के युवकों द्वारा ही किया जा रहा है। शासन द्वारा इन युवकों को एक टन क्षमता के वाहन पर 24 हजार और 2 टन क्षमता के वाहन पर 31 हजार रूपये प्रतिमाह किराया का भुगतान भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राशन वितरण 472 वाहनों के माध्यमों से किया जा रहा है।

**सम्मेलन–प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में केन्द्रीय बजट 2024–25 के बाद जर्नी टूवार्डस विकसित भारत नामक एक सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई ने किया है। इसका उद्देश्य उद्योग की भूमिका और विकास के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के प्रति एक रूपरेखा प्रस्तुत करना है। इस सम्म्लेन में उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय और थिंकटैंक के एक हजार से अधिक भागीदार शामिल होंगे, जबकि देश और विदेश के बहुत से भागीदार विभिन्न सीआईआई केन्द्रों से जुडेंगे।

**नर्सिंग प्रवेश**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने नर्सिंग कॉलेज मामले में विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। अब सीबीआई जॉंच में अनसूटेबल पाए गए नर्सिंग कॉलेज के छात्र भी परीक्षा दे सकेंगे। कल जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए अनसूटेबल कॉलेज के विद्यार्थियों को सरकारी सूटेबल कॉलेज में परीक्षा दिलाने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा पास करने के बाद इन स्टूडेंट्स को सूटेबल कॉलेज में शिफ्टिंग समेत अन्य लाभ दिलाने पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में सभी याचिकाओं की सुनवाई कल स्पेशल बेंच के समक्ष हुई। सुनवाई में हाईकोर्ट ने सत्र 2021–22 और सत्र 2022–23 के नर्सिंग पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत उन छात्रों को एनरोलमेंट जारी कर परीक्षा में शामिल करने के निर्देश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को दिये है, जिन छात्रों के कॉलेज सीबीआई जॉंच में अनसुटेबल पाये गये थे।

**टी–20**

भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी–20 मैंचों की श्रंखला का तीसरा और अंतिम मुकाबला आज खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम श्रंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना चुकी है। इस मैच में भारतीय टीम में नए खिलाड़ियों को मौका दिया जा सकता है। गौतलब है कि हेड कोच गौतम गंभीर का यह पहला दौरा है, वहीं टी–20 में नए कप्तान सूर्य कुमार यादव का भी यह पहला दौरा है।

**पेरिस ओलंपिक**

पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट के कांस्य पदक मैच में प्रवेश के लिए क्वालीफाई कर लिया है। आज भारतीय समय के

अनुसार दोपहर एक बजे उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से होगा। पूल–बी के मैच में भारत और अर्जेंटीना के बीच मुकाबला एक–एक से ड्रॉ रहा।

## बारिश / मौसम

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। अब तक राज्य में 18 दषमलव 2 इंच बारिष हो चुकी है। जो कि सामान्य से 10 प्रतिषत अधिक है। प्रदेष के 22 जिलों में औसत से अधिक बारिष हुई है। इनमें सिवनी, इंदौर, भोपाल षामिल हैं। केवल हरदा और रीवा में बारिष कम हुई है। मौसम विभाग ने आज रायसेन, बैतूल, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, रतलाम और उज्जैन जिलों के लिये भारी बारिष का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी हल्की बारिष हो सकती है। भोपाल में अबतक 32 दषमलव 77 प्रतिषत बारिष हो चुकी है। जो सामन्य से 66 प्रतिषत अधिक है।

## ट्रेन दुर्घटना

झारखंड के चक्रधरपुर डिवीजन में राजखरसवान और बाराबांबू के बीच आज सुबह ट्रेन नंबर 12810 हावड़ा–CSMT एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। सुबह करीब 3 बजकर 45 बजे हुए हादसे के बाद रेलवे की बचाव और राहत टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना में 6 लोग घायल हुए हैं। रेलवे मेडिकल टीम ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- सिंगरौली जिले में कसर गांव में 100 फीट गहरे बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को बचाया नहीं जा सका। करीब साढ़े छह घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बच्ची को बोरवेल से बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- इन्दौर के मूसाखेड़ी में सीएम राइज स्कूल में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के तहत सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक पायल लोहनी ने सोशल मीडिया का उपयोग करते समय रखनी वाली सावधानियों के बारे में समझाइश देकर जागरूक किया।

- शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान में करीब एक साल पहले लाए गए तीन टाइगरों के नामकरण को लेकर नेशनल पार्क के अधिकारियों ने योजना बनाई है। इस योजना में तीन टाइगरों के अच्छे नाम बताने वाले लोगों को 15 अगस्त पर सम्मानित किया जाएगा।

- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व में कल खटिया बफर में क्षेत्र में रैली का आयोजन किया गया। साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- डिंडौरी में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 02 अगस्त को शासकीय आईटीआई शहपुरा में एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

- राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत देवास में 06 दिवसीय साथिया प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोर उम्र 10–19 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाना है।

.....................................